Bharat Temples

मेरा दिल तो दिवाना हो गया,
मुरली वाले तेरा।।

दोहा मेरे टुटे दिल को उठाना पडेगा,
उठा के जिगर से लगाना पडेगा,
मान लिया कि मैं तो नहीं तेरे काबिल,
मुझे अपने काबिल बनाना पडेगा,
तेरे प्यार का मेरा दिल तो है पागल,
मेरे सामने तुझे आना पडेगा।।

मेरा दिल तो दिवाना हो गया,
मुरली वाले तेरा।।
ओ मुरली वाले तेरा,
बंशी वाले तेरा,
कमली वाले तेरा,
अरे नज़रों का निशाना हो गया,
मुरली वाले तेरा।।

जबसे नजर से नजर मिल गई है,
उजड़े चमन की कली खील गई है,
क्या नजरे मिलाना हो गया,
मुरली वाले तेरा।।

दिवानगी ने क्या क्या दिखाया,

दुनिया छुड़ाके तुमसे मिलाया,
दिवाना जमाना हो गया,
मुरली वाले तेरा।।

प्राणों के प्यारे कहा छुप गये हो,
नैनो के तारे कहा छुप गये हो,
क्या नजरे मिलाना हो गया,
मुरली वाले तेरा।।

तु मेरा प्यारा प्यारा मै तेरा पागल,
तिरछी नजर से दिल मेरा घायल,
मेरे दिल मे ठिकाना हो गया,
मुरली वाले तेरा।।

Source: https://www.bharattemples.com/mera-dil-to-divana-ho-gaya/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw